>

Title: Need to set up International Cricket Stadium, in Amritsar Parliamentary Constituency, Punjab.

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर): धन्यवाद, सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया ।

सबसे पहले मैं श्री ओम बिरला जी के लिए शुभकामनाएं देता हूं कि वे जल्दी स्वस्थ हों और जल्दी लोक सभा में लौटें ।

सभापति महोदया, मैं आपको ध्यान दिलाना चाहता हूं कि अमृतसर ने बहुत बड़े-बड़े खिलाड़ी पैदा किए हैं । दूसरे खेलों के साथ-साथ क्रिकेट में बहुत बड़े खिलाड़ी पैदा किए हैं, जिनका जन्म अमृतसर में हुआ, जैसे कमरूद्दीन भट्ट जी 1914 में जन्मे, अब्दुर रहमान 1917 में, बदरुद्दीन मलिक जी 1922 में, मकसूद अहमद 1925 में, विजय राजेन्द्र नाथ जी 1928, स्वर्णजीत सिंह जी 1932 में, वकार हसन जी 1932 में, खुर्शीद अहमद जी 1934 में, सेत्तार राणा जी 1936 में, जियाउल्ला जी 1936 में, विजय मेहरा जी 1938 में, बिशन सिंह बेदी जी 1946 में, फजलुर रहमान जी 1935 में देश की आज़ादी से पहले वहां पैदा हुए । आज़ादी के बाद जसबीर सिंह जी 1950 में, अरुण शर्मा जी 1958 में, मदन लाल जी 1951 में, अशोक ओम प्रकाश मल्होत्रा जी 1957 में, राजू सेठी जी 1962 में, गुरशरण सिंह जी 1963 में, हरविंदर सिंह जी 1977 में, शरणदीप सिंह जी 1979 में, रेनू मारग्रेट जी 1975 में, रवनीत रिक्की जी 1980 में, मनीष शर्मा जी 1981 में, शरद लाम्बा जी 1989 में, विनय चौधरी जी 1993 में, मोहित ढांडा जी 1993 में, राहुल कनौजिया जी 1994 में और नवजोत सिंह सिद्धू जी, जो तीन बार सांसद रहे हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि देश में आज़ादी से पहले और आज़ादी के बाद भी इतने बड़े खिलाड़ियों को जन्म देने वाले अमृतसर शहर में एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम होना चाहिए । वहां-वहां स्टेडियम बन चुके हैं, जहां किसी

खिलाड़ी ने जन्म नहीं लिया, लेकिन अमृतसर में एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होना चाहिए । गांधी ग्राउण्ड, जहां क्रिकेट स्टेडियम है, उसकी रिपेयर के लिए, मैं आपके माध्यम से स्पोर्ट्स मिनिस्टर और सरकार से कहना चाहता हूं कि यह देश का गौरवमयी इतिहास है । वे देश की आज़ादी से पहले भी अपना योगदान देते रहे हैं । इनका योगदान सुनिए – रणजी ट्रॉफी में, वन डे इंटरनेशनल मैच में, इंटरनेशनल टेस्ट मैंच में, अंडर 18 में, आईपीएल में भाग लेने वाले अम्पायर और कोचेज यहां पैदा हुए ।

माननीय सभापति : आपकी बात आ गई है ।

श्री गुरजीत सिंह औजला: कृपया करके एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अमृतसर में जरूर दीजिए ।